सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-351**
17/08/2017

पूर्व विधायक राजकिशोर सिन्हा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 17 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व विधायक राजकिशोर सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रसिद्ध राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******